**प्रेस विज्ञप्ति**

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने 30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों की घोषणा की**

प्रमुख विशेषताएं

- वित्त वर्ष'24 की दूसरी तिमाही में बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बीओबी) का तिमाही निवल लाभ वर्ष-दर-वर्ष 28.4 % बढ़कर 4,253 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 24 की पहली छमाही के दौरान शुद्ध लाभ 51.8 % बढ़कर 8,323 करोड़ रुपये हो गया।
- बीओबी ने लगातार पिछली 5 तिमाहियों से 1% से अधिक आरओए और लगभग 20% आरओई प्रदर्शित किया है। वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही में आरओए 1.14% तथा आरओई 19.74% रहा.
- लाभप्रदता में यह मजबूत वृद्धि वित्त वर्ष'24 की दूसरी तिमाही में वर्ष-दर-वर्ष 25% की बेहतर परिचालन आय वृद्धि के कारण संभव हो सकी।
- वित्त वर्ष **2024** की दूसरी तिमाही में गैर-ब्याज आय में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर **~ 2** गुना वृद्धि से परिचालन आय में वृद्धि हुई.
- वित्त वर्ष **2024** की दूसरी तिमाही में गैर-ब्याज आय वृद्धि शुल्क आय (**+31.7%), ट्रे**डिंग लाभ (+**69.5%)** और टीडब्लूओ से वर्ष-दर-वर्ष वसूली (**~ 2** गुना) में हुई मजबूत वृद्धि के कारण हो सकी है।
- आय में मजबूत वृद्धि के साथ-साथ ओपेक्स में धीमी वृद्धि के परिणामस्वरूप वित्त वर्ष **2024** की दूसरी तिमाही के लिए परिचालन लाभ में **33%** की वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष **24** की पहली छमाही में परिचालन लाभ सालाना आधार पर **50.1**% रहा.
- बैंक वित्त वर्ष **2024** की दूसरी तिमाही के लिए और आय-लागत अनुपात को वर्ष-दर-वर्ष आधार पर **320** बीपीएस घटाकर **46.54%** करने में सफल रहा है। वित्त वर्ष **2024** की पहली छमाही के लिए लागत और आय अनुपात भी वर्ष-दर-वर्ष आधार पर **608** बीपीएस घटकर **45.97%** रह गया है।
- बीओबी ने जीएनपीए में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर **199** बीपीएस की कमी के साथ इसे 3.32**%** के स्तर पर लाकर अपनी परिसंपत्ति गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार किया है। बैंक का एनएनपीए सुधरकर **0.76**% हो गया**,** जिसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर **40** बीपीएस की कमी हुई है।
- बीओबी का तुलनपत्र शीट सुदृढ़ बना हुआ है**,** जिसमें टीडब्लूओ के साथ **93.16%** और टीडब्लूओ के बिना **77.64%** का बेहतरीन प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) रहा है।
- वित्त वर्ष **2024** की दूसरी तिमाही के लिए ऋण लागत **1%** से नीचे यानी **0.92%** पर बना हुआ है।
- वित्त वर्ष **2024** की दूसरी तिमाही में बीओबी के वैश्विक अग्रिम में **17.3%** की मजबूत वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्ज हुई है**,** जिसमें खुदरा ऋण में मजबूत वृद्धि दर्ज हुई। ऑटो ऋण (**21.1%),** गृह ऋण (**16.1%),** वैयक्तिक ऋण (**67.2%),** मॉर्गेज ऋण (**13.3%),** शिक्षा ऋण(**18.3%)** जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में वृद्धि होने से बैंक के ऑर्गेनिक रिटेल ऋण में **22.2%** की वृद्धि दर्ज हुई है।
- बैंक ने **30** सितंबर **2023** तक **22,74,148** करोड़ रुपये का कुल कारोबार हासिल किया**,** जिसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर **15.8%** की वृद्धि दर्ज की गई।

**लाभप्रदता**

- **बैंक ऑफ बड़ौदा ने वित्त वर्ष** 2024 **की दूसरी तिमाही में** 4,253 **करोड़ रुपये का स्टैंडअलोन निवल लाभ दर्ज किया**, **जबकि वित्त वर्ष** 2023 **की दूसरी तिमाही में** 3,313 **करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। वित्त वर्ष** 2024 **की पहली छमाही के लिए शुद्ध लाभ** 8,323 **करोड़ रुपये (+** 51.8% **वर्ष-दर-वर्ष) है**, **जबकि वित्त वर्ष** 2023 **की पहली छमाही में यह** 5,482 **करोड़ रुपये था।**

- **वित्त वर्ष** 2024 **की दूसरी तिमाही में शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई)** वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 6.5% **की वृद्धि के साथ** 10,831 **करोड़ रुपये हो गई। वित्त वर्ष** 2024 **की पहली छमाही के लिए एनआईआई ने** 14.8% **की वृद्धि दर्ज की है और यह** 21,827 **करोड़ रुपये हो गई।**
- **वित्त वर्ष** 2024 **की दूसरी तिमाही में गैर-ब्याज आय** ~ 2 **गुना बढ़कर** 4,171 **करोड़ रुपये हो गई**, **जो वित्त वर्ष** 2023 **की दूसरी तिमाही में** 1,826 **करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष** 2024 **की पहली छमाही के लिए गैर-ब्याज आय** 7,493 **करोड़ रुपये है।**
- **वित्त वर्ष** 2024 **की दूसरी तिमाही में वैश्विक एनआईएम** 3.07% **रहा है।**
- **वित्त वर्ष** 2024 **की दूसरी तिमाही में अग्रिम पर प्रतिफल बढ़कर** 8.43% **हो गया**, **जो वित्त वर्ष** 2023 **की दूसरी तिमाही में** 7.22% **था।**
- **जमा की लागत वित्त वर्ष** 2024 **की दूसरी तिमाही में बढ़कर** 4.92% **हो गई**, **जो वित्त वर्ष** 2023 **की दूसरी तिमाही में** 3.59% **थी।**
- **वित्त वर्ष** 2024 **की दूसरी तिमाही के लिए परिचालन आय** 15,002 **करोड़ रुपये है**, **जिसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर** 25% **की वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष** 2024 **की पहली छमाही के लिए परिचालन आय में** 33.2% **की वृद्धि हुई।**
- **वित्त वर्ष** 2024 **की दूसरी तिमाही के लिए परिचालन लाभ** 8,020 **करोड़ रुपये है**, **जो वर्ष-दर-वर्ष आधार पर** 33% **की वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष** 2024 **की पहली छमाही के लिए परिचालन लाभ** 50.1% **बढ़कर** 15,844 **करोड़ रुपये हो गया।**
- **आय-लागत अनुपात वित्त वर्ष** 2024 **की दूसरी तिमाही में घटकर** 46.54% **रह गया**, **जो वित्त वर्ष** 2023 **की दूसरी तिमाही में** 49.74% **था।**
- **आस्तियों पर रिटर्न (वार्षिकीकृत) वित्त वर्ष** 2024 **की दूसरी तिमाही में सुधरकर** 1.14% **हो गया**, **जो वित्त वर्ष** 2023 **की दूसरी तिमाही में** 1.01% **था।**
- **वित्त वर्ष** 2024 **की दूसरी तिमाही के लिए इक्विटी पर रिटर्न (वार्षिकीकृत) वर्ष-दर-वर्ष आधार पर** 18 **बीपीएस बढ़कर** 19.74% **हो गया।**
- **समेकित इकाई का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष** 2024 **की दूसरी तिमाही में** 4,394 **करोड़ रुपये रहा**, **जबकि वित्त वर्ष** 2023 **की दूसरी तिमाही में यह** 3,400 **करोड़ रुपये था।**

## आस्ति गुणवत्ता

- वित्त वर्ष'24 की दूसरी तिमाही में बैंक का सकल एनपीए वर्ष-दर-वर्ष 26.8% कम होकर 33,968 करोड़ रुपये हो गया और सकल एनपीए अनुपात वित्त वर्ष'23 की दूसरी तिमाही के 5.31 % की तुलना में सुधरकर वित्त वर्ष'24 की दूसरी तिमाही में 3.32% हो गया।
- वित्त वर्ष'24 की दूसरी तिमाही में बैंक का निवल एनपीए अनुपात 0.76% के निचले स्तर पर रहा, जबकि वित्त वर्ष'23 की दूसरी तिमाही में यह 1.16% था।
- वित्त वर्ष'24 की दूसरी तिमाही में बैंक का प्रावधान कवरेज अनुपात टीडबल्यूओ सहित 93.16% और टीडबल्यूओ को छोड़कर 77.64% रहा।
- वित्त वर्ष'24 की पहली छमाही में स्लिपेज अनुपात घटकर 1.28% हो गया जो वित्त वर्ष'23 की पहली छमाही में 1.53% था।
- वित्त वर्ष'24 की दूसरी तिमाही के लिए ऋण लागत 0.92% रही।

## पूंजी पर्याप्तता

- सितंबर'23 में बैंक का सीआरएआर 15.30% रहा। सितंबर'23 को टियर-I 13.19% (CET-1 11.57%, AT1 1.62% पर) और टियर-II 2.11% पर रहा।

- समेकित इकाई का सीआरएआर और सीईटी-1 क्रमशः 15.74 % और 12.11% रहा।
- चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर) समेकित रूप से 132 % पर रहा।

**व्यवसाय कार्यनिष्पादन**

- बैंक का वैश्विक अग्रिम बढ़कर 10,24,501 करोड़ रुपये हो गया, इसमें वर्ष-दर-वर्ष +17.3% की वृद्धि हुई।
- बैंक का घरेलू अग्रिम बढ़कर 8,34,723 करोड़ रुपये हो गया, इसमें वर्ष-दर-वर्ष +16.5% की वृद्धि हुई।
- वैश्विक जमाराशि वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 14.6 % बढ़कर 12,49,647 करोड़ रुपये रही।
- घरेलू जमाराशि सितंबर'23 में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 12.0 % बढ़कर 10,74,114 करोड़ रुपये रही।
- सितंबर'23 में अंतर्राष्ट्रीय जमाराशि वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 33.8% बढ़कर 1,75,533 करोड़ रुपये रही।
- ऑटो ऋण (21.1%), गृह ऋण (16.1%), वैयक्तिक ऋण (67.2%), मॉर्गेज ऋण (13.3%), शिक्षा ऋण (18.3%) जैसे उच्च संकेंद्रण क्षेत्रों में वृद्धि के कारण ऑर्गेनिक रिटेल अग्रिमों में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 22.2% की वृद्धि हुई।
- कृषि ऋण पोर्टफोलियो वर्ष-दर-वर्ष 13.7 % बढ़कर 1,30,694 करोड़ रुपये रहा।
- कुल स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो (रिटेल और कृषि सहित) 43,884 करोड़ रुपये का रहा, जिसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 31.0 % की वृद्धि हुई।
- ऑर्गेनिक एमएसएमई पोर्टफोलियो वर्ष-दर-वर्ष 12.1% बढ़कर 1,13,512 करोड़ रुपये रहा।

***30 सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही का वित्तीय परिणाम***

| **विवरण (करोड़ रुपये में)** | ***वित्त वर्ष'23 की दूसरी तिमाही*** | ***वित्त वर्ष'24 की पहली तिमाही*** | ***वित्त वर्ष'24 की दूसरी तिमाही*** | **वर्ष-दर-वर्ष *(%)*** | ***वित्त वर्ष'23 की पहली छमाही*** | ***वित्त वर्ष'24 की पहली छमाही*** | **वर्ष-दर-वर्ष *(%)*** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| *ब्याज से आय* | *21,254* | *26,556* | *27,862* | *31.1* | *40,192* | *54,417* | *35.4* |
| *ब्याज पर व्यय* | *11,080* | *15,559* | *17,031* | *53.7* | *21,179* | *32,590* | *53.9* |
| *शुल्क से प्राप्त आय* | *1,515* | *1,507* | *1,996* | *31.7* | *2,793* | *3,503* | *25.4* |
| *निवल ब्याज आय (NII)* | *10,174* | *10,997* | *10,831* | *6.5* | *19,013* | *21,827* | *14.8* |
| *परिचालनगत आय* | *12,000* | *14,319* | *15,002* | *25.0* | *22,020* | *29,320* | *33.2* |
| *परिचालनगत व्यय* | *5,969* | *6,495* | *6,982* | *17.0* | *11,462* | *13,477* | *17.6* |
| *परिचालन लाभ* | *6,031* | *7,824* | *8,020* | *33.0* | *10,558* | *15,844* | *50.1* |
| *कुल प्रावधान (कर के अलावा) और आकस्मिक व्यय* | *1,628* | *1,946* | *2,161* | *32.7* | *3,312* | *4,106* | *24.0* |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जिनमें से, NPA अशोध्य कर्ज को बट्टे- खाते डालने के लिए प्रावधान | 1,654 | 1,693 | 2,285 | 38.1 | 3,214 | 3,978 | 23.8 |
| कर पूर्व लाभ | 4,403 | 5,878 | 5,859 | 33.1 | 7,246 | 11,737 | 62.0 |
| कर हेतु प्रावधान | 1,090 | 1,807 | 1,606 | 47.3 | 1,765 | 3,414 | 93.4 |
| निवल लाभ | 3,313 | 4,070 | 4,253 | 28.4 | 5,482 | 8,323 | 51.8 |

**व्यावसायिक स्थिति**

| विवरण (करोड़ रुपये में) | 30 सितंबर 2022 | 30 जून 2023 | 30 सितंबर 2023 | YoY (%) |
|---|---|---|---|---|
| घरेलू जमा राशि | 9,58,967 | 10,50,306 | 10,74,114 | 12.0 |
| घरेलू कासा | 4,10,151 | 4,23,600 | 4,28,320 | 4.4 |
| वैश्विक जमा राशि | 10,90,172 | 11,99,908 | 12,49,647 | 14.6 |
| घरेलू अग्रिम | 7,16,737 | 8,12,626 | 8,34,723 | 16.5 |
| जिसमें से, रिटेल लोन पोर्टफोलियो (ऑर्गेनिक) | 1,58,506 | 1,84,091 | 1,93,682 | 22.2 |
| वैश्विक अग्रिम राशि | 8,73,496 | 9,90,988 | 10,24,501 | 17.3 |
| एनआईएम वैश्विक % | 3.33 | 3.27 | 3.07 | (26 bps) |

**प्रमुख अनुपात**

| विवरण | वित्त वर्ष23 की दूसरी तिमाही | वित्त वर्ष24 की पहली तिमाही | वित्त वर्ष24 की दूसरी तिमाही |
|---|---|---|---|
| संपत्ति पर प्रतिलाभ (%) | 1.01 | 1.11 | 1.14 |
| CRAR (%) | 15.25 | 15.84 | 15.30 |
| CET-1 (%) | 10.95 | 11.94 | 11.57 |
| सकल एनपीए (%) | 5.31 | 3.51 | 3.32 |
| निवल एनपीए (%) | 1.16 | 0.78 | 0.76 |
| पीसीआर (TWO के साथ) (%) | 91.73 | 93.23 | 93.16 |

**4 नवंबर, 2023**
**मुंबई**

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बारे में**

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ("बैंक") 20 जुलाई, 1908 को स्थापित भारत सरकार के स्वामित्व वाला एक बैंकिंग और वित्तीय सेवा संगठन है, जिसका मुख्यालय भारत के गुजरात में वडोदरा (जो पहले बड़ौदा के नाम से जाना जाता था) में है। 'वैकल्पिक प्रणाली' योजना के अंतर्गत, सरकार ने विजया बैंक और देना बैंक का बैंक ऑफ़ बड़ौदा के साथ समामेलन की घोषणा की जो 1 अप्रैल, 2019 को लागू हुआ।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा भारत के सबसे बड़े बैंकों में से एक है, जिसकी 8,209 घरेलू शाखाओं और 10,567 एटीएम एवं स्वयं-सेवा चैनलों द्वारा समर्थित कैश रिसाइक्लर्स के साथ मजबूत उपस्थिति है। 17 देशों में फैले 93 विदेशी कार्यालयों के नेटवर्क के साथ बैंक की महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति है।

हमें विजिट करें
वेबसाइट: www.bankofbaroda.com
फेसबुक:https://www.facebook.com/bankofbaroda/
ट्विटर:https://twitter.com/bankofbaroda
यूट्यूब: https://www.youtube.com/bankofbaroda
इंस्टाग्राम:https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
लिंक्डइन:https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/
अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:

**श्री इयान डिसूज़ा**
**मुख्य वित्तीय अधिकारी**
**बैंक ऑफ़ बड़ौदा**
**मुंबई**
**Cfo.bcc@bankofbaroda.co.in**